शनिवार
नालन्दा, 19.04.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:82
www.apnanalanda.com

## पीएम आवास योजना में रिश्वतखोरी की जांच: आवास सहायक पर गंभीर आरोप, एसडीओ ने की छानबीन

चितरंजन कुमार



चंडी (अपना नालंदा)।हसनी पंचायत के गदनपुरा और खरजमा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के अंतर्गत लाभुकों से अवैध राशि वसूलने के आरोपों की जांच हिलसा अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने गुरुवार शाम की। जांच का केंद्र रही आवास सहायक कल्पना कुमारी, जिन पर खरजमा गांव की लाभुक प्रभा देवी ने रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगाए हैं। लाभुक का आरोप: हर किस्त पर मांगी गई रकम, जबरन निकाले गए 10 हजार रुपये, प्रभा देवी का आरोप है कि आवास सहायक कल्पना कुमारी और सोनू कुमार उनके घर आए और शुरुआत में 2 हजार रुपये नकद लिए, साथ ही किसी से कुछ न बताने की हिदायत दी। जब पहली किस्त आई, तो दोनों ने उन्हें चंडी बाजार के एक साइबर कैफे ले जाकर 10 हजार रुपये निकलवाए, जिसकी जानकारी उन्हें बाद में बैंक जाकर लगी। इसके बाद, दूसरी किस्त के लिए 5 हजार रुपये ऑनलाइन मंगवाए गए, जिसे उनके बेटे ने आवास सहायक के मोबाइल नंबर पर भेजा। अब तीसरी किस्त के लिए 10 हजार रुपये की मांग की जा रही है। जांच में सामने आया और भी गड़बड़ी का मामला, एसडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रभा देवी की शिकायत पर मामले की जांच की गई है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एक लाभुक को पहले से पक्का मकान होने के बावजूद पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। प्रशासन करेगा आगे की कार्रवाई, प्रवीण कुमार ने कहा कि मामले में जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है, और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन गंभीरता से कदम उठा रहा है।

## बिहार में पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज सामाजिक समरसता अभियान की होगी शुरुआत: 20 अप्रैल को बिहारशरीफ से उठेगा समरसता का शंखनाद

संजय कुमार




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहार की ऐतिहासिक धरती पर पहली बार "छत्रपति शिवाजी महाराज सामाजिक समरसता अभियान" का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 20 अप्रैल 2025, रविवार कि सुबह 11 बजे, बिहारशरीफ के श्रम कल्याण केंद्र मैदान से एक भव्य समारोह के साथ शुरू होगा। इस संबंध में शुक्रवार को बिहारशरीफ स्थित आईएमए हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में अभियान के संयोजक इंजीनियर प्रणव प्रकाश ने मीडिया को विस्तार से जानकारी दी। शिवाजी महाराज से प्रेरित सामाजिक समरसता की पहल, प्रणव प्रकाश ने बताया कि यह अभियान गैर-राजनीतिक एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित एक सकारात्मक पहल है, जिसका उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन मूल्यों और आदर्शों को आधार बनाकर समाज में सामाजिक समरसता, एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। धर्म, संस्कृति और जनकल्याण की रक्षा के लिए उनका समर्पण अतुलनीय था। उन्होंने समाज में मानवीय मूल्यों को स्थापित किया और भारतीय अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के लिए हर संघर्ष को स्वीकार किया। सांस्कृतिक आक्रमणों के विरुद्ध शिवाजी का प्रतिरोध, ई. प्रणव प्रकाश ने कहा, "जब भारत पर विदेशी आक्रांताओं ने हमारी संस्कृति और पहचान को मिटाने का प्रयास किया, तब छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपार साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए न केवल इन आक्रमणों का डटकर मुकाबला किया, बल्कि भारतवर्ष की अखंडता और सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा भी की।" उन्होंने यह भी कहा कि शिवाजी महाराज को उनके जीवनकाल में और उसके पश्चात भी समाज के सभी वर्गों से जो सम्मान प्राप्त हुआ, वह उनके न्यायप्रिय, समावेशी और उदार शासन का प्रमाण है। समाज के वंचित वर्गों के हित में शिवाजी की नीतियां, प्रणव प्रकाश ने आगे बताया कि शिवाजी महाराज ने दलितों, पिछड़े वर्गों, महिलाओं और वंचित समुदायों के लिए समान अवसर और सम्मान सुनिश्चित किया था। उनके शासनकाल में सामाजिक न्याय की ठोस नीतियां लागू थीं, जो आज के संदर्भ में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। जनसहभागिता से बनेगा समरस समाज: प्रणव प्रकाश की अपील प्रेस वार्ता के अंत में ई. प्रणव प्रकाश ने बिहारवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा, "आज आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करें और एक समरस, संगठित और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में सक्रिय योगदान दें।" इस मौके पर अभियान से जुड़े अन्य प्रमुख सदस्य दिलीप मंडल, कुंदन कुमार, हरिहर प्रसाद सिंह, दीप गौरव सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने इस ऐतिहासिक पहल को समाज के लिए नवदिशा और नवचेतना का प्रतीक बताया।

## मई गांव से तीन स्कूली छात्र-छात्राएं लापता, एक का मिला लोकेशन; अपहरण की आशंका से दहशत



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ ।रहुई थाना क्षेत्र के मई गांव से तीन स्कूली बच्चों के एक के बाद एक लापता होने की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। लापता बच्चों में 15 वर्षीय छात्रा अल्पना कुमारी, दीपक कुमार और सत्यम कुमार शामिल हैं। इनमें से अल्पना सोमवार को, जबकि दीपक और सत्यम मंगलवार की सुबह स्कूल गए थे, लेकिन तीनों ही अभी तक घर नहीं लौटे हैं। स्कूल से लौटने के बाद गायब हो गई अल्पना, अगले दिन दो और छात्र लापता छात्रा अल्पना कुमारी के पिता श्लोक यादव ने बताया कि उन्होंने सोमवार की सुबह करीब 6:30 बजे उसे विक्रमपुर उच्च विद्यालय भेजा था। दोपहर तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इस बीच गांव के ही दो अन्य छात्र दीपक और सत्यम के भी लापता होने की खबर से स्थिति और गंभीर हो गई। तीनों के एक साथ गायब होने से अपहरण की आशंका, 10 गांवों में चल रही तलाश, परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि तीनों बच्चों का इस तरह से एक साथ लापता हो जाना सामान्य घटना नहीं है और अपहरण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बच्चों की तलाश में ग्रामीणों ने आसपास के 10 से अधिक गांवों में व्यापक खोज अभियान चलाया, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। प्रशासन सक्रिय, एक बच्ची का मोबाइल लोकेशन मिला इस पूरे मामले पर सदर डीएसपी संजय कुमार जयसवाल ने बताया कि छात्रा अल्पना कुमारी का मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया गया है। वहीं, दोनों छात्रों की गुमशुदगी की लिखित शिकायत रहुई थाना में दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर संभावित पहलू पर जांच कर रही है और जल्द ही बच्चों की सुरक्षित बरामदगी का भरोसा दिलाया है। गांव में दहशत और बेचैनी का माहौल, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इस तरह की घटना पहली बार हुई है, जिससे लोगों में गंभीर चिंता और डर का माहौल है। परिजन प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि बच्चों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जा सके।

## ट्रक की चपेट में आकर मजदूर की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

अपना नालंदा संवाददाता



इस्लामपुर । इस्लामपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित मुहाने नदी के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मछली मंडी के समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूर मोहम्मद लड्डन (40 वर्ष) को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मोहम्मद लड्डन नगरनौसा निवासी थे, जो वर्तमान में अपने ससुराल न्यू मलहबीघा, इस्लामपुर में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे। वह निर्माण कार्य में ईंट-बालू ढोने का काम कर अपने सात बच्चों का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी मृत्यु के बाद पत्नी गुड़िया खातून का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक ही परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे, जिनका यूं अचानक चला जाना परिवार पर किसी पहाड़ के टूटने जैसा है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने मुहाने नदी के पास सड़क को जाम कर दिया। प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित किया गया और जाम हटवाया गया। घटना की सूचना पाकर इस्लामपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक की पत्नी को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत ₹20,000 का चेक सौंपा। साथ ही संबंधित वार्ड पार्षद को निर्देश दिया गया कि वे कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत ₹3,000 की राशि का भुगतान करें। इस्लामपुर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया है। वहीं, घटना के बाद फरार हुए ट्रक और चालक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान मनोज सिंह, ग्राम ओमंडीहा, पोस्ट करने, जिला चतरा (झारखंड) के निवासी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी चालक को जेल भेजा जाएगा। इस घटना के बाद मोहल्ले के फिरोज आलम, परवेज आलम, मो. वकील उर्फ भोलू, मुर्तजा हुसैन, इसराइल उर्फ बर्बाद सिंह और तनवीर आलम ने प्रशासन का सहयोग करते हुए पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने के प्रयास किए।

# रामपुर में जमीन विवाद को लेकर युवक पर हमला, सिर फटने से घायल



अपना नालंदा संवाददाता
बिहारशरीफ।रहुई थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में पुराने जमीन विवाद को लेकर बुधवार को एक युवक पर हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान 19 वर्षीय रोहित कुमार, पिता सुरेन्द्र यादव के रूप में हुई है। उसे रहुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। गिरवी जमीन को लेकर बढ़ा विवाद, हमले में सिर पर आई गंभीर चोट, परिजनों ने बताया कि रोहित की नानी ने दो कट्ठा जमीन गांव के ही राजबल्लभ यादव को 22,000 रुपये में गिरवी रखी थी। हाल ही में जब परिवार की ओर से जमीन वापसी की मांग की गई, तो राजबल्लभ ने कथित तौर पर अपने गोतिया लोगों के साथ मिलकर रोहित पर हमला करवा दिया। हमला उस समय हुआ जब रोहित किसी कार्यवश बाहर निकला था। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी हालत चिंताजनक हो गई। पुलिस पहुंची मौके पर, जांच में जुटी, घटना की सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और उचित कार्रवाई की मांग की है।

# नालंदा में 'महिला संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ, चलित वीडियो वाहन से दी गई सरकार की योजनाओं की जानकारी



अपना नालंदा संवाददाता
बिहारशरीफ ।शुक्रवार को प्रभारी जिलाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर की उपस्थिति में बिहारशरीफ के मुरौरा पंचायत स्थित "संगीत जीविका ग्राम संगठन" के प्रांगण में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम के तहत चलित वीडियो वाहन के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण से जुड़ी परियोजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी चलचित्र के माध्यम से दी गई। 16 प्रखंडों में एक साथ शुरू हुआ महिला संवाद अभियान, बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान की शुरुआत आज नालंदा जिले के 16 प्रखंडों में एक साथ की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुँचाना, महिलाओं की आकांक्षाओं को जानना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए संवाद स्थापित करना है।
गांव की महिलाओं ने साझा किए अनुभव, जताई उम्मीदें कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लिया।
महिलाओं ने अपने जीवन में योजनाओं से आए सकारात्मक बदलाव के अनुभव साझा किए और भविष्य की आकांक्षाओं को भी खुलकर व्यक्त किया।
इस संवाद ने प्रशासन और ग्रामीण महिलाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर जीविका जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान, प्रखंड परियोजना प्रबंधक प्रकाश पासवान, संचार प्रबंधक संतोष कुमार, सामाजिक विकास प्रबंधक पंकज कुमार, कृषि प्रबंधक अनुराग कुमार समेत जीविका से जुड़े कई अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।
सभी ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष जताया और इसे महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

# डबल इंजन की सरकार में बिहार का गांव बन रहा स्मार्ट:- – श्रवण कुमार

## नूरसराय के नदिऔना पंचायत में 60 लाख से अधिक की योजनाओं का किया उद्घाटन





विजय प्रकाश उर्फ पिंटु
नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को नदिऔना पंचायत के दौरे के दौरान कहा कि डबल इंजन की सरकार के तहत बिहार में विकास की रफ्तार दोगुनी हो गई है। गांव अब शहर से भी अधिक सुंदर और विकसित हो रहे हैं। राज्य के प्रत्येक प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी भी आगे बढ़ सकें। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार सरकार खेल को प्रोत्साहन देने के लिए "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" योजना चला रही है। इसके तहत राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि ग्रामीण प्रतिभाएं भी आगे आएं और खेल के क्षेत्र में राज्य और देश का नाम रोशन करें। 60 लाख से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन, मंत्री श्रवण कुमार ने नदिऔना पंचायत में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। जिन योजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें शामिल हैं: दहपर उच्च विद्यालय में ₹13 लाख 11 हजार की लागत से निर्मित चाहरदीवारी दहपर उच्च विद्यालय में ₹9 लाख 73 हजार की लागत से बना खेल परिसर दहपर हाईस्कूल में ₹9 लाख 73 हजार की लागत से बना बास्केटबॉल कोर्ट एवं फेवर ब्लॉक तेजाबीघा गांव के वार्ड नं-3 में ₹9 लाख 86 हजार की लागत से मिट्टी भराव एवं ईंट सोलिंग केवई डीह गांव के वार्ड नं-4 में ₹8 लाख 68 हजार की लागत से ईंट सोलिंग कार्य दहपर ओपी में ₹7 लाख की लागत से चाहरदीवारी का निर्माण गांवों में फैल रहा विकास का जाल मंत्री ने कहा कि अब गांवों में पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। किसानों के लिए बिजली की मुक्कमल व्यवस्था की जा रही है, जिससे सिंचाई की समस्या दूर हो रही है और फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि आज गरीब मजदूर के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। दूसरे राज्य भी अपना रहे बिहार का मॉडल मंत्री ने दावा किया कि बिहार में हो रहे समग्र विकास कार्यों का अनुकरण अब अन्य राज्य भी करने लगे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार का "विकास शिल्पकार" बताया और कहा कि उनकी दूरदर्शिता के कारण आज बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, उपप्रमुख अविनाश कुमार मौर्य, समाजसेवी अविनाश कुमार 'निराला', बिट्टू कुमार, मनोज कुमार, विक्की कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जीतेंद्र ठाकुर, शैलेंद्र गराई, चिक्कू सिंह, पिंटू पासवान, दिलीप पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित

# खलिहान के पास छिपाकर रखा गया था हथियार, खुदागंज पुलिस ने बरामद किया देशी कट्टा और राइफल



अपना नालंदा संवाददाता
इस्लामपुर । खुदागंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चुल्हाई विगहा गांव में एक खलिहान से देशी हथियार बरामद किया है। बरामद हथियारों में एक देशी कट्टा और एक देशी राइफल शामिल है। थानाध्यक्ष जयप्रकाश नारायण ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान चुल्हाई विगहा गांव स्थित एक खलिहान में रखे गए भूसे के ढेर (पुंज) के पास से उक्त हथियार बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हथियार वहां किस उद्देश्य से और किसके द्वारा छिपाए गए थे। बरामदगी के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
















# ज्वेलरी दुकान में शराब पार्टी, चार नशेड़ी गिरफ्तार; चोरी की पुरानी घटनाओं से जुड़े तारों की जांच में जुटी पुलिस



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ । नालंदा जिले के बिन्द थाना क्षेत्र के बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान में शराब पार्टी करते हुए पुलिस ने चार नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने बताया कि बाजार की 'ज्योति ज्वेलर्स' दुकान में दुकानदार द्वारा बाहरी लोगों को बुलाकर शराब पार्टी की जा रही थी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकान का गेट खुलवाया और तलाशी के दौरान चार लोगों को शराब के नशे में धुत पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर सभी के शराब पीने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान इस प्रकार हुई है: 1. विवेक कुमार (22 वर्ष) — पिता: सत्येन्द्र प्रसाद, निवासी: बड़हिया, लखीसराय, 2. राघवेन्द्र कुमार (25 वर्ष) — पिता: मार्कण्डय महतो, निवासी: बड़हिया, लखीसराय, 3. वीरेन्द्र कुमार वर्मा — पिता: नरेश प्रसाद, निवासी: बिन्द बाजार, 4. सत्येन्द्र कुमार वर्मा (46 वर्ष) — पिता: किशोरी साव, निवासी: सकसोहरा, पटना, थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त ज्वेलरी दुकान में पूर्व में दो बार चोरी की घटनाएं घट चुकी हैं। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि कहीं इन नशेड़ियों का या शराब पार्टी का उन चोरी की घटनाओं से कोई संबंध तो नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है, और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सिरनामा पंचायत में जदयू की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न, विधायक हरिनारायण सिंह रहे मुख्य अतिथि



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ ।हरनौत विधानसभा क्षेत्र के चंडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरनामा के सिरनामा गांव में जदयू की पंचायत स्तरीय बूथ लेवल कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष मुनीलाल यादव ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हरनौत के विधायक हरिनारायण सिंह उपस्थित रहे। साथ ही चंडी प्रखंड अध्यक्ष सुनील मुखिया, विधानसभा प्रभारी गणेश कानू, जदयू नालंदा जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, जदयू नेता राजीव रंजन सिंह, रिषिदेव यादव, सतीश कुमार, सशी मांझी, मुनर यादव और पप्पू चौहान ने भी भाग लिया। बैठक में कुल 7 बूथों से लगभग 45 सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना तथा आगामी रणनीतियों पर चर्चा करना रहा। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक प्रचारित करें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती देने और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# डिंपल सिंह लगातार छठी बार थरथरी प्रखंड युवा जदयू अध्यक्ष मनोनीत, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर



अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी।थरथरी प्रखंड स्थित एक निजी सभागार में युवा जनता दल यूनाइटेड की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से धर्मपाल कुमार उर्फ डिंपल सिंह को एक बार फिर थरथरी प्रखंड युवा जदयू अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। यह लगातार छठी बार है जब उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो उनके संगठनात्मक कौशल, कार्यकुशलता एवं युवाओं में उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है। इस मौके पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डिंपल सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन ने निरंतर मजबूती पाई है और युवाओं की भागीदारी भी बढ़ी है। डिंपल सिंह ने इस विश्वास और सम्मान के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया तथा कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे युवाओं को सक्रिय रूप से पार्टी से जोड़ने और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के लिए सतत कार्य करते रहेंगे। बैठक का संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ और अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख चंद्रभूषण उर्फ छोटे सिंह, हिलसा नगर परिषद अध्यक्ष धनंजय कुमार, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष विकास कुमार, जिला युवा उपाध्यक्ष अनुपम कुमार अन्नु, प्रदेश महासचिव मुन्ना सिंह, आनंद मोहन उर्फ हप्पू कुमार, मनोज कुमार, जहेन्द्र यादव, अजय कुमार, सनी कुमार सहित कई स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परसुराय में मनाई गई अम्बेडकर जयंती, संविधान निर्माता बाबा साहेब के योगदान को किया गया याद



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। इस्लामपुर प्रखंड के धोबडीहा पंचायत अंतर्गत परसुराय गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब की तस्वीरों के साथ साथ प्रखंड के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाजसेवी रणजय मालाकार, वीरेंद्र राम, अनुज पासवान, पूर्व वार्ड पार्षद किन्नता देवी, धोबडीहा पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष राम रतन सिंह, शिष्यनाथ पासवान एवं विक्रम बिहारी समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। सभी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। समाजसेवकों ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के बनाए संविधान की बदौलत आज देश में हर गरीब और वंचित वर्ग को बराबरी का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बचपन में बाबा साहेब को गहरे भेदभाव का सामना करना पड़ा था। अच्छे स्कूलों में पढ़ने से भी उन्हें रोका जाता था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और छुआछूत, जात-पात जैसी कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने और समाज में समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।







# इस्लामपुर में भव्य रूप से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)।अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति-जनजाति विकास मंच के तत्वावधान में इस्लामपुर बाजार के संगम उत्सव हॉल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से बाबा साहेब के अनुयायी शामिल हुए और शोभायात्रा में भाग लिया। भव्य प्रभातफेरी और शोभायात्रा का आयोजन, इस अवसर पर इस्लामपुर बाजार के जगदंबा स्थान से एक भव्य प्रभातफेरी निकाली गई, जो राजगीर मोड़, बुधदेव नगर, तालाब और मछली मार्केट होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक गई। यह शोभायात्रा देखते ही देखते विशाल जुलूस का रूप ले चुकी थी। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग श्रद्धा से झूमते नजर आए, मानो स्वयं बाबा साहेब उस पथ पर चल रहे हों। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। संगम उत्सव हॉल में हुआ मुख्य समारोह, शोभायात्रा के बाद संगम उत्सव हॉल प्रांगण में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां सबसे पहले डॉ. अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंटू कुमार चंद्रवंशी ने की, जबकि मंच संचालन हरेंद्र रविदास ने किया।






### राजनीतिक जागरूकता का आह्वान

कार्यक्रम में मंच के प्रदेश संयोजक धर्मेंद्र चौहान ने बाबा साहेब के जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि उन्होंने वंचितों, पिछड़ों और दलितों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने समाज को संगठित होकर राजनीतिक शक्ति बनने का संदेश दिया और कहा कि अब समय आ गया है कि समाज सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति, जनजाति और अति पिछड़ा वर्ग के वोटरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख से अधिक है, जिससे स्पष्ट है कि यदि समाज संगठित हो जाए, तो विधायक बनाने की ताकत रखता है। उन्होंने समाज से अपील की कि वह अपनी एकजुटता दिखाकर किसी योग्य प्रतिनिधि को चुनाव मैदान में उतारें।

### शिक्षा और समानता पर बल

समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के शिक्षा, समानता और अधिकार के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी। संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि जिसने हमें सोचने की आजादी और अधिकार दिए, ऐसे महापुरुष को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों को अपनाएं। नीरज कुमार चंद्रवंशी ने बाबा साहेब के प्रसिद्ध कथन "शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा" को दोहराते हुए शिक्षा को मूल अधिकार बताया।

### सैकड़ों की संख्या में लोग हुए शामिल

इस अवसर पर मंच के कई पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें संजीत रजक, सुधीर चंद्रवंशी, अमरजीत चंद्रवंशी, सुभाष मिस्त्री, जीतू बिंद, रामप्रवेश बिंद, राकेश पाल, मनवा देवी, फुलवा देवी, उमेश पासवान, मनोज चौधरी, सुभाष बिंद (वार्ड पार्षद), जनार्दन चौधरी, सीताराम चंद्रवंशी, रामबालक जमादार, पूर्व मुखिया सारो देवी, अरविंद कुमार, हरनंदन रजक, चंद्रिका दास सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। इस भव्य आयोजन ने इस्लामपुर की धरती पर सामाजिक चेतना और एकजुटता का एक नया इतिहास रच दिया।



# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी पर पति की हत्या का आरोप, ज़हर देकर मारने की आशंका

विजय प्रकाश उर्फ पिंनु

नूरसराय (अपना नालंदा)। जिले के नूरसराय थाना अंतर्गत बेलसर गांव निवासी शंकर चौधरी (उम्र 34 वर्ष) की शुक्रवार की सुबह बिहारशरीफ के एक निजी क्लिनिक में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी और उसके प्रेमी पर ज़हर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद मृतक की ससुराल के लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। भाभी और उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप मृतक के छोटे भाई मंटू चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि 16 अप्रैल को उनकी भाभी पिंकी देवी ने शंकर को फोन कर बुलाया और कहा कि वह अब घर लौटना चाहती है, इसलिए वह उसे मायके से लेने आए। पिंकी देवी पिछले आठ महीने से अपने मायके में रह रही थी और इसी दौरान उसका किसी अन्य व्यक्ति से संबंध हो गया था। परिजनों के अनुसार, वह आठ महीने पहले घर छोड़कर कथित प्रेमी के साथ चली गई थी। मंटू चौधरी ने बताया कि शुक्रवार सुबह क्लिनिक से फोन आने पर जब वे पहुंचे तो शंकर की मृत्यु हो चुकी थी। उन्हें शक है कि पिंकी और उसके प्रेमी ने उसे ज़हर देकर मार डाला है। परिजनों ने यह भी बताया कि मृतक शंकर अपनी पत्नी के अवैध संबंध का विरोध करता था, जिस कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घर पर ताला, ससुराल वाले फरार घटना के बाद मृतक की



ससुराल वाले गांव से फरार हो गए हैं। रहिचा गांव स्थित उनके घर पर ताला लटका हुआ है। इससे परिजनों के आरोप को और बल मिला है। शादी को हुए थे 19 वर्ष मृतक शंकर चौधरी की शादी वर्ष 2006 में शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के रहिचा गांव निवासी हरिलाल चौधरी की पुत्री पिंकी देवी से हुई थी। दोनों को दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। शंकर मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। नूरसराय थाना प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि यह मामला शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र का है, हालांकि मृतक नूरसराय क्षेत्र का रहने वाला था। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के परिजन अब शेखोपुरसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने जा रहे हैं। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# "शिक्षकों की एकजुटता ने दिलाई जीत, वंशीधर ब्रजवासी के सम्मान में 20 अप्रैल को जुटेंगे शिक्षक"

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वंशीधर ब्रजवासी को तिरहुत स्नातक क्षेत्र से विधान पार्षद (एमएलसी) उपचुनाव में भारी मतों से विजय प्राप्त होने पर शिक्षकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। सभी वर्गों के शिक्षक इस जीत को सरकार की नीतियों के विरुद्ध शिक्षकों की एकजुटता और उनकी जीत मान रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष रौशन कुमार ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की एमएलसी के रूप में जीत ने पूरे शिक्षक समाज को गौरवान्वित किया



है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षकों का लगातार अपमान कर रही है, जिसके विरोधस्वरूप शिक्षकों ने वंशीधर ब्रजवासी को अपना समर्थन दिया और उन्हें विधान परिषद में अपनी आवाज के रूप में भेजा है। उन्होंने बताया कि नालंदा जिले के सभी शिक्षक 20 अप्रैल को बिहारशरीफ के टाउन हॉल में आयोजित अभिनंदन सह शिक्षक सम्मान समारोह में भाग लेंगे, जहां वंशीधर ब्रजवासी का भव्य स्वागत किया जाएगा।

इस मौके पर मैट्रिक परीक्षा 2025 में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले तीन शिक्षकों के पुत्र-पुत्रियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इनमें हरनौत प्रखंड के शिक्षक हिमांशु कुमार के पुत्र क्रिश कुमार, चंडी प्रखंड के शिक्षक राकेश कुमार की पुत्री प्रशंसा कुमारी तथा राजगीर प्रखंड की शिक्षिका की पुत्री अर्पिता कुमारी शामिल हैं। रौशन कुमार ने जिले के सभी शिक्षकों से अपील की कि वे अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं और शिक्षक एकता का संदेश पूरे प्रदेश में फैलाएं।

# हरनौत के नंदा बिगहा गांव में महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ, बीडीओ ने जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी

## महिला सशक्तिकरण की योजनाओं की दी जाएगी जानकारी, 58 दिनों तक लगातार चलाया जाएगा कार्यक्रम

अपना नालंदा संवाददाता

हरनौत ।स्थानीय प्रखंड के नंदा बिगहा गांव में शुक्रवार को महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उज्ज्वल कांत, जीविका बीपीएम मो. अफताब आलम और जिला स्तर से आई प्रखंड मेंटर प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। 137 ग्राम संगठनों में चलेगा अभियान बीपीएम मो. अफताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह



कार्यक्रम आगामी 58 दिनों तक लगातार चलाया जाएगा। इसमें प्रखंड के सभी 137 ग्राम संगठनों को प्रतिदिन दो पाली में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में किसी प्रकार की छुट्टी नहीं होगी, यानी यह अभियान बिना रुके प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। फिल्म के माध्यम से दी जाएगी जानकारी महिला संवाद कार्यक्रम के तहत जीविका समूह की महिलाओं को फिल्म के माध्यम से बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसमें विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं और "आकांक्षा" कार्यक्रम की भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। बीडीओ ने किया महिलाओं को संबोधित कार्यक्रम के दौरान बीडीओ उज्ज्वल कांत ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, और जब महिलाएं जागरूक होंगी तभी समाज प्रगति करेगा। इस अवसर पर जीविका से जुड़े अन्य पदाधिकारी, ग्राम संगठन की महिलाएं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। आयोजन को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा गया।

# गुड फ्राइडे पर संत जोसेफ चर्च में प्रभु यीशु के सात वचन सुनाए गए, श्रद्धालुओं ने लिया प्रार्थना सभा में भाग

अपना नालंदा संवाददाता

हरनौत । गुड फ्राइडे के अवसर पर स्थानीय बाजार स्थित संत जोसेफ चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभु यीशु के सात वचनों को श्रद्धापूर्वक सुनाया गया और उपस्थित ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रार्थना सभा में शामिल लोगों ने प्रभु यीशु से पापियों और अपराधियों को क्षमा करने की प्रार्थना की। चर्च के पादरी जोश चिराकल ने बताया कि गुड फ्राइडे उस दिन को याद किया जाता है जब प्रभु यीशु ने मानवता के कल्याण के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह बलिदान शुक्रवार के दिन हुआ था, इसलिए इस दिन को "गुड फ्राइडे" के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था और तीसरे दिन वे पुनः जीवित हो उठे। प्रार्थना सभा में फादर आशीत लाकड़ा, फादर



जोस कलूपुरा, दीपा, जोशफिन, राजेंद्र, रंजीत सहित बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित थे। सभा में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला।















# भारतीय लव-कुश मंच के प्रादेशिक सम्मेलन की तैयारी बैठक नालंदा में सम्पन्न

## पटना में 27 अप्रैल को होगा भव्य सम्मेलन, बिहार-झारखंड से आएंगे प्रतिनिधि

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। भारतीय लव-कुश मंच बिहार-नालंदा इकाई की एक तैयारी बैठक रविवार को बिहारशरीफ के साहित्यिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बबुरबन्ना मुहल्ले में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के वरिष्ठ संरक्षक प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भारतीय लव-कुश मंच का एक भव्य प्रादेशिक सम्मेलन आगामी 27 अप्रैल 2025 को पटना के दरोगा राय पथ स्थित सरदार पटेल भवन में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन की औपचारिक घोषणा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव पटेल द्वारा 13 अप्रैल को पटना में आयोजित तैयारी समिति की बैठक में की गई थी। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह ने मंच के



उद्देश्यों एवं सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच जाति और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर सामाजिक एकता, जनहित और समरसता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सभी वर्गों के प्रबुद्ध जनों से सम्मेलन में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय लव-कुश मंच एक गैर-राजनीतिक सामाजिक संगठन है, जो किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों से दूरी बनाए रखता है। हालांकि, समाजहित और जनसमस्याओं की अनदेखी को मंच कभी सहन नहीं करेगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि सम्मेलन में 10 सूत्रीय प्रस्तावों पर विमर्श किया जाएगा, जिनमें मुख्य रूप से— किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य, बेरोजगारों को रोजगार, महंगाई पर नियंत्रण, एवं ब्लॉक से सचिवालय तक व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने जैसी जनमुद्दों को प्रमुखता दी जाएगी। इस अवसर पर मंच के प्रमुख पदाधिकारियों में परमेश्वर महतो, राजेश कुमार भारती, सरदार वीर सिंह, प्रो. शकील अहमद अंसारी, रामजी प्रसाद यादव, राजदेव प्रसाद, नवनीत कृष्ण, सुरेंद्र कुमार, रविंद्र प्रसाद, केदार प्रसाद, महेश कुमार, अरविंद कुमार, मदन कुमार, जितेंद्र कुमार मेहता, अरुण बिहारी, धीरज कुमार, संतोष कुमार और विजय कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समाजसेवी राकेश बिहारी शर्मा ने मंच की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय लव-कुश मंच सामाजिक समरसता और नई पीढ़ी को वैज्ञानिक दृष्टिकोण देने वाला देश का एक प्रभावशाली मंच है, जो समाज के सभी वर्गों को सम्मानपूर्वक जोड़ने का कार्य कर रहा है।

# मारपीट मामले में आरोपी पप्पू गोप गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

अपना नालंदा संवाददाता

हरनौत। गोखुलपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को मारपीट के एक मामले में वांछित आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष शिवम कुमार सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिन पूर्व थाना



क्षेत्र की निवासी किरण देवी ने मारपीट की घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गंजपर गांव निवासी पप्पू गोप को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# ट्रक की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम, मुआवजे के आश्वासन पर माने

अपना नालंदा संवाददाता

इस्लामपुर। इस्लामपुर-पटना मुख्य सड़क मार्ग पर मुहाने नदी के पास स्थित मछली मंडी के समीप एक ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान इस्लामपुर नगर परिषद क्षेत्र के मल्लह विगहा मुहल्ला निवासी मो. लड्डुन उर्फ शाहरुख खान के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुहाने नदी पुल के पास इसलामपुर-पटना रोड को कुछ समय के



लिए जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी भी की। सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद इसलामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत ₹20,000 की सहायता राशि का चेक सौंपा गया और आपदा राहत के तहत उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के साले जैनउद्दीन ने बताया कि मो. लड्डुन करीब दस वर्षों से अपने ससुराल मल्लह विगहा में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। गिरफ्तार ट्रक चालक की पहचान झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत ओमंडीह गांव निवासी मनोज सिंह के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद मृतक की पत्नी गुड़िया खातून का रो-रो कर बुरा हाल है।

शनिवार

नालन्दा, 19.04.2025

नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-07 वर्ष:1, अंक:82

www.apnanalanda.com



अपना शहर अपना खबर

## अपना नालन्दा

### नालंदा का नंबर 1 अखबार

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

9031468165
9608311251

**अपना नालंदा में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## "अपना नालंदा"

## नालंदा की जनता की आवाज

शनिवार
नालन्दा, 19.04.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-08 वर्ष:1, अंक:82
www.apnanalanda.com




Prudence Girls Hostel & PG

अब आपके शहर
**बिहार शरीफ में**

बेटियों के लिए
**सुरक्षित,**
**सुविधाजनक** और
**आरामदायक** रहने
की जगह

**अब मात्र**
**5999/- प्रति माह**
T&C Apply*

**Our Facilities:**
- Homely & Hygienic Food
- 24/7 High-Speed WiFi 5G
- 100% Secure with CCTV & Warden
- Spacious & Furnished Rooms
- Quiet Study Environment
- Locker Facility
- Laundry Facility
- 24x7 Power Backup

Badi Pahari,
Bihar Sharif (Nalanda)

Secure Your Stay Today
9931312890